अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202012100400593

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अशोक कुमार तोलानी आ. स्व. अर्जुन दास तोलानी निवासी दल्लीराजहरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 357/46 रकबा 0.046 अर्थात 5000 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा172 तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202012100400594

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अशोक कुमार तोलानी आ. स्व. अर्जुन दास तोलानी निवासी दल्लीराजहरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 338/25 रकबा 0.014 अर्थात 1545 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा172 तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202009100400047

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री चंद्रप्रकाश आ. स्व. रामगरीता निवासी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/19 रकबा 0.020 अर्थात 2310 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा172 तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सूने मकान का ताला तोड़कर 2 लाख 30 हजार नगदी रुपए चोरी

रायपुर। सूने मकान का ताला व कुंदा तोड़कर कमरे में प्रवेश कर बैग में रखा 2 लाख 30 हजार रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार होटल ताज के पीछे बैजनाथपारा में एक किराये के मकान में कुछ दिन पूर्व ही आए है। प्रार्थी मोहम्मद असरद दार 34 वर्ष पिता अब्दुल खालीद दार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वे अनंतनाग जम्मू कश्मीर के रहने वाले है व बैजनाथपारा किराये के मकान में रहकर पीड़ि व अन्य तीन लोग फेरी का काम करते है। 30 दिसंबर को सुबह 10 से 2 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर ने प्रार्थी के मकान का ताला व कुंदा तोड़कर कमरे में प्रवेश कर बैग में रखा 2 लाख 30 हजार नगदी रुपये चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस जांच में जुटी है। सीसी कैमरा फुटेज में एक व्यक्ति गली में आता दिखाई दे रहा है। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

बबूल के पेड़ में लटकी मिली बुजुर्ग की लाश

रायपुर। बबूल के पेड़ में एक बुजुर्ग की फंदे से लटकी सड़ी-गली लाश मिली है। घटना की सूचना पर पण्डरी पुलिस ने मौके पर पहुंच लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पण्डरी थानाक्षेत्र स्थित जब्बार नाला के पास झाड़ियों में एक बबूल के पेड़ में 50 से 55 वर्ष के बुजुर्ग की लाश पेड़ से लटकी मिली है। शव काफी पुराना है। लक्ष्मी नगर निवासी एक बुजुर्ग के महीने भर पहले गायब हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज है,ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उसी व्यक्ति की लाश हो सकती है।

नाबालिग को अपहरण कर किया अनाचार

रायपुर। काम दिलाने का झांसा देकर नाबालिग लड़की के साथ गैंग रेप करने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राखी थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अप्रैल महीने में ज्यादा पैसा का काम दिलाने का लालच देकर कार में बैठाकर दुर्ग से नया रायपुर ले जाकर पारसराम साहु 48 वर्ष, तरुण 39 वर्ष व राजेश 27 वर्ष ने बारी-बारी से जबरन दुष्कर्म किया। उसके बाद दूसरे दिन पीड़िता के घर स्टेशन मौदा छोड़ किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता ने डर के कारण किसी को नही बतायी, लेकिन नाबालिग गर्भवती हो जाने की जानकारी मिलने पर आरोपियों ने उसे शादी करवाने का झांसा देकर धमतरी बुला लिया व दोबारा उसके साथ कार में दुष्कर्म किया।

अपने पाप हम पर मत मढ़िए, किसान विरोधी सारे पाप आपके हैं : त्रिवेदी

भाजपा किसान विरोधी नीति से देश के किसान परेशान

■ **सारी समस्याओं की जड़ में केंद्र की भाजपा सरकार और उसकी किसान विरोधी नीतियां ही हैं**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के धान खरीदी के संबंध में किए गए ट्वीट पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह जी अपने पाप दूसरों पर न मढ़ें। किसान विरोधी सारे पाप रमन सिंह जी और उनकी पार्टी भाजपा ने किए हैं। आज पूरे देश के किसान भाजपा की केंद्र सरकार के किसान विरोधी फैसलों को लेकर आंदोलित हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में धान खरीदी का काम ठीक चल रहा है। पूरे देश में किसानों की समस्याएं हो रही हैं उसके लिए भी केंद्र की भाजपा सरकार और उसकी नीतियां ही दोषी हैं। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि देश के किसानों से भाजपा ने 2022 तक आय दुगनी करने का वादा किया लेकिन आज तक उस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने का वादा किया और वो भी नहीं किया लेकिन मोदी सरकार का वादा और दावा दोनों फर्जी है। भाजपा की केंद्र सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए बार दाने देने में बाधा डाली गई। राज्य को जितने बारदाने की ज़रूरत थी उसमें कटौती की गई और अब जितना वादा था उतना बारदाना भी नहीं दिया जा रहा है। एफसीआई में चावल लेने की अनुमत केंद्र सरकार को देनी है। चावल लेने का आदेश देने के बावजूद एफसीआई गोदामों में चावल रखने की अनुमति न देकर भाजपा की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ की धान खरीदी में बाधाएं डालने का कुचक्र कर रही है। केंद्र में सरकार चला रही भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह किसानों के लिए घड़ियाली आंसू बहा कर भाजपा के किसान विरोधी चरित्र पर पर्दा डालने की साजिश रच रहे हैं।

पूर्व सीएम और भाजपा किसानों के कर रहे गुमराह

छत्तीसगढ़ के किसानों को रमन सिंह और भाजपा गुमराह नहीं कर सकते। किसान जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में जब रमन सिंह जी की सरकार रही तब तक किसानों को किस तरह ठगा जाता रहा। न समर्थन मूल्य का वादा पूरा हुआ और न बोनस पांच साल तक मिला। चुनाव के समय मिला लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही बंद कर दिया गया। इन्हीं किसान विरोधी नीतियों के कारण भाजपा को 15 साल तक शासन करने के बाद छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने 15 सीट के लायक भी नहीं समझा। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस सरकार हर किसान का धान खरीदेगी और किसानों को पूरा पैसा मिलेगा।

हम ख़रीद रहे हैं ज्यादा धान

प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 15 साल में भाजपा सरकार ने औसत 50 लाख मिट्रिक टन धान भी नहीं खरीदा लेकिन पिछले साल 2018-19 में भूपेश बघेल जी की सरकार ने 80 लाख मिट्रिक टन से अधिक धान 2500 रु. में खरीदा। 2019-20 में भी 15 लाख 71 हजार की जगह 19 लाख 52 हजार किसानों का पंजीयन किया गया और 83 लाख टन धान कांग्रेस की सरकार के द्वारा खरीदा गया है। कांग्रेस सरकार ने 2019-20 में धान खरीदी में अपना ही पिछले साल 2018-19 का रिकार्ड तोड़ा। अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और भाजपा सरकार की औसत खरीदी जितना धान 45 लाख टन तो कांग्रेस सरकार खरीद चुकी है। अपने 15 वर्षो के शासनकाल में तो रमन सिंह सरकार ने 7 वर्षो में इतना धान भी नहीं खरीदा था।

मर मत

रायपुर(नवप्रदेश)। पुराने कांग्रेसी भवन का मरम्मत कार्य हो रहा है, इस अवसर पर विधायक अमितेश शुक्ला निरीक्षण करते हुए।

नाबालिग लापता, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। नाबालिग लड़की के घर से बिना बताए कही चले जाने पर परिजनों ने घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को खरोरा निवासी पीड़ित 51 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की नाबालिग बेटी उम्र 17 वर्ष 5 माह घर से बिना बताए 29 दिसंबर को कही चली गई है। आस-पड़ोस व रिश्तेदारों से पता करने पर उसका पता नही चला। जिसके बाद प्रार्थी ने आशंका जताया है कि किसी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है।

छत्तीसगढ़ की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को केन्द्र आज करेगा सम्मानीत

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की समावेशी मॉडल मोर जमीन मोर मकान योजना को देश भर में प्रशंसा मिली है। भारत सरकार द्वारा इस मॉडल को पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विशेष उपलब्धि पर 1 जनवरी 2021को प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ को पुरस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य की इस शानदार उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने राज्य के नागरिकों और नगरीय प्रशासन विभाग को योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बधाई भी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है कि गरीबों और आवासहीन परिवारों को पक्का मकान मिले। मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने मोर जमीन मोर मकान के माध्यम से प्रत्येक गरीब और बेघर परिवारों को आवास उपलब्ध कराने और नगरीय प्रशासन विभाग के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की बात कहीं और नागरिकों को बधाई दी है। भारत सरकार द्वारा इस बहुप्रतीक्षित पुरस्कार की घोषणा की गई है।

प्रत्येक गरीब और बेघर परिवार को मिलेगा मकान

हाट बाजार क्लीनिक ग्रामीणों के लिए बनी संजीवनी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों के लिए हाट बाजार क्लीनिक संजीवनी साबित हुए हैं। गांव में स्वस्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हाट बाजार क्लीनिक बाजार के दिन लगाए जा रहे हैं। हाट बाजार में मेडिकल टीम जरूरतमंद लोगों का इलाज कर रही है। मरीजों की जरूरी जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं और आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श दिया जा रहा है।कोरबा जिले के तरदा गांव के हाट बाजार में नजदीक के गांव से 12 वर्षीय दर्शन अपने दादाजी के साथ अपने गांव के नजदीक साप्ताहिक बाजार करने ग्राम तरदा पहुंचा था। अपने दादाजी के साथ बालक दर्शन हंसी-खुशी से सामान की खरीददारी कर रहा था। शाम को साढ़े चार बजे बालक दर्शन को अचानक चक्कर आया। चक्कर आने के कारण दर्शन लड़खड़ाते हुए गिर पड़ा। दर्शन को गिरते देख दर्शन के दादाजी तत्काल बालक को अपनी गोद में उठाकर बाजार में संचालित हो रहे मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक की तरफ भागे। हाट बाजार क्लीनिक में मौजूद ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉक्टर पूर्णानंद सोनी और नर्स ने बच्चे की हालत को देखकर तत्काल पास के रखे टेबल में लिटाया। डॉक्टर ने तुरंत बालक दर्शन की आंख, मुंह, नाड़ी की जांच की। डॉक्टर के जांच करने के दौरान ही नर्स ने ओ. आर. एस. घोल तैयार कर ले आयी। बालक को तुरंत ही शरीर में पानी की कमी दूर करने ओ. आर. एस. घोल पिलाया गया। ओ. आर. एस. घोल पीते ही बालक के शरीर में ताकत आई और वह अपने बल पर बैठ गया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने पाया कि दर्शन के शरीर में खून की बहुत कमी है। डॉक्टर ने खून की भारी कमी के कारण दर्शन को चक्कर आने की बात कही। डॉ. ने दर्शन को एनीमिया ग्रस्त होने के कारण फोलिक एसिड की गोली भी दी। डॉक्टर ने दर्शन के दादाजी को ओ. आर. एस. का पैकेट दिया और नियमित अंतराल में दर्शन को पिलाने की सलाह भी दी। बालक को अपने बल पर बैठे देख दादाजी के चेहरे पर संतुष्टि और मुस्कान आई।

शराब पीने नही मिले किया चाकू से वार

रायपुर। शराब पीने के लिये पैसा नही देने पर धारदार औजार व चाकू से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट गोलबाजार व टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा रायपुर निवासी अब्दुल सलाम 29 वर्ष ने गोलबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शेरु नामक लड़के ने 30 दिसंबर को रात 8.45 बजे पुराना बस स्टैण्ड में प्रार्थी से शराब खरीदने के लिये पैसा मांगा नही देने पर गाली-गलौच कर धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। इसी तरह ढेबर सिटी भाठागांव रायपुर निवासी कौशल किशोर डांगी 49 वर्ष ने टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना रोड के पास प्रार्थी पेशाब करने के लिये रुका था तभी मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों ने शराब पीने के लिये पैसा मांगा नही है कहने पर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से जांघ के पीछे मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से कार व बाईक सवार की मौत

धरसींवा व अभनपुर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर। तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से धरसींवा व अभनपुर थानाक्षेत्र में दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मकान नंबर एफ 56 सुन्दरनगर सरस्वतीनगर निवासी विनय सिंह ठाकुर की शिकायत दर्ज करायी है कि 30 दिसंबर को 11 बजे धनेली रोड धरसींवा के पास अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 4 डीएक्स 5701 से जा रहे आयुश सिह क्षत्रिय 26 वर्ष पिता गणेश सिह को ठोकर मार दिया। जिसके चलते घटना स्थल पर ही बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इसी तरह अभनपुर थाने में गरियाबंद निवासी लुकेश वर्मा 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 दिसंबर को शाम 5.30 बजे एनएच मार्ग 43 छत्तीसगढ़ ढाबा के पास अभनपुर में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 18 के 1807 ने कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 7773 को एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते कार में बैठे चंद्र प्रकाश वर्मा 52 वर्ष पिता रिखी राम वर्मा निवासी पुलिस लाईन गरियाबंद की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

नई गाइड लाईन | **1069 नए कोरोना पाजीटिव मरीज मिले**

कोरोना संक्रमण से 122 स्वस्थ होकर हुए डिस्चार्ज

■ **14 की हुई उपचार के दौरान मृत्यु**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 का कहर ब्रिटेन में द्वितीय चरण में जमकर नागरिकों को संक्रमित कर रहा है। ब्रिटेन ने विश्व के अन्य देशों से वैदेशिक उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया है वहीं भारत में ब्रिटेन से पूर्व में आए अनेक नागरिकों के संक्रमित होने के साथ ही 31 दिसंबर तक विमान सेवा में प्रतिबंध लगाने के बाद भी खतरा टला नहीं है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कुछ ब्रिटेन से लौटे एनआरआई की खोज खबर पुलिस प्रशासन द्वारा ली जा रही है। जानकारी के अभाव में कोरोना संक्रमण के फिर से सक्रिय होकर बड़ी आबादी को चपेट में लेने का अंदेशा है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के द्वितीय चरण में संक्रमण के फैलाव को देखते हुए राज्य शासन ने भी राजधानी सहित प्रदेश में कोरोना संक्रमण से जमकर टक्कर लेने की पूरी तैयारी कर ली है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार अभी भी कोरोना गाइड लाइन के अनुसार सावधानी बरतने की आवश्यकता है। डॉ. पांडेय ने आम लोगों से जब तक वैक्सीन नहीं आता है तब तक मास्क पहनकर अन्य सावधानी बरतने की अपील की है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार बुधवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 122 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है। नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय के अनुसार 1069 नये कोरोना पाजीटिव मरीज मिलने की जानकारी दी गई है। अब तक प्रदेश में कुल 2 लाख 78,540 मरीज कोरोना पाजीटिव के पाये गये है जिनमें अस्पताल से अब तक 94,511 मरीज कोरोना उपचार के दौरान स्वस्थ होकर अपने घरों तक पहुंच चुके हैं। गत 24 घंटे में होम आइसोलेशन से 1348 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर अब तक 1 लाख 68,740 मरीज स्वस्थ होकर अपनी दिनचर्या रोजाना की जारी रखने में सफल हुए हैं।

उपचार के दौरान 14 मरीजों की मौत

प्रदेश में 1470 मरीज गत 24 घंटे में डिस्चार्ज हुए है अब तक प्रदेश में 2,63,291 मरीज इलाज के दौरान शासकीय अशासकीय चिकित्सा संस्थानों में पंजी में दर्ज होकर समुचित उपचार का लाभ लेकर ठीक हो गये हैं। कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 11,939 है। उपचार के दौरान 14 मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें कोविड-19 के 3 एवं को मार्बिडिटी के 11 मरीज शामिल है। गत 24 घंटे में 28,831 मरीजों का कोरोना टेस्ट किया गया है। जिलावार कोरोना मरीजों की स्थिति इस प्रकार है- दुर्ग 118, राजनांदगांव 83, बालोद 29, बेमेतरा 16, कबीरधाम 8, रायपुर 175, धमतरी 31, बलौदाबाजार 61, महासमुंद 39, गरियाबंद 08, बिलासपुर 92, रायगढ़ 75, कोरबा 59, जांजगीर चांपा 49 मुंगेली 10, पेंड्रा गौरेला मरवाही 4, सरगुजा 50, कोरिया 26, सूरजपुर 39, बलरामपुर 37, जशपुर 19, बस्तर 7, कोंडागांव 9, दंतेवाड़ा 4, कांकेर 18,सुकमा 3, नारायणपुर बीजापुर एवं अन्य राज्य से कोई भी मरीज कोरोना पाजीटिव का नहीं मिला है।

तेन्दूपत्ता : राज्य में अब तक 371 प्रकरणों में 44 लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत

रायपुर। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल निर्देशन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्राहकों के हित में सामूहिक सुरक्षा योजना का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। अपर प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री एस.एस. बजाज ने बताया कि इसके तहत राज्य में चालू वर्ष के दौरान अब तक 371 प्रकरणों में 44 लाख 52 हजार रूपए की राशि स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें स्वीकृत राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। गौरतलब है कि सामूहिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत मृतक तेन्दूपत्ता संग्राहक के परिवार के मुखिया अथवा दावेदार को 12 हजार रूपए का भुगतान किया जाता है। इसका संचालन तेन्दूपत्ता संग्राहकों के हित में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह कांकेर वन वृत्त के अंतर्गत कांकेर वन मंडल के 27 प्रकरणों में 3 लाख 24 हजार रूपए, पश्चिम भानुप्रतापुर वन मंडल के 11 प्रकरणों में एक लाख 32 हजार रूपए, पूर्व भानुप्रतापपुर वन मंडल के 13 प्रकरणों में एक लाख 56 हजार रूपए, नारायणपुर वन मंडल के 5 प्रकरणों में 60 हजार रूपए तथा केशकाल वन मंडल के 5 प्रकरणों में 60 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है। इनमें बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत रायगढ़ वन मंडल के 25 प्रकरणों में 3 लाख रूपए, धरमजयगढ़ वन मंडल के 21 प्रकरणों में 2 लाख 52 हजार रूपए, कटघोरा वन मंडल के 19 प्रकरणों में 2 लाख 28 हजार रूपए, कोरबा वन मंडल के 5 प्रकरणों में 60 हजार रूपए, बिलासपुर वन मंडल के 3 प्रकरणों में 36 हजार रूपए तथा जांजगीर-चांपा वन मंडल के 2 प्रकरणों में 24 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है। दुर्ग वन वृत्त के अंतर्गत राजनांदगांव वन मंडल के 56 प्रकरणों में छह लाख 72 हजार रूपए, बालोद वन मंडल के 5 प्रकरणों में 60 हजार रूपए तथा कवर्धा वन मंडल के 6 प्रकरणों में 72 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है।

इसी तरह रायपुर वन वृत्त के अंतर्गत गरियाबंद वन मंडल के 29 प्रकरणों में 3 लाख 48 हजार रूपए, धमतरी वन मंडल के 27 प्रकरणों में 3 लाख 24 हजार रूपए, महासमुंद वन मंडल के 23 प्रकरणों में 2 लाख 76 हजार रूपए, बलौदाबाजार वन मंडल के एक प्रकरण में 12 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है। सरगुजा वन वृत्त के अंतर्गत जशपुर वन मंडल के 30 प्रकरणों में 3 लाख 60 हजार रूपए, बलरामपुर वन मंडल के 27 प्रकरणों में 3 लाख 24 हजार रूपए, सूरजपुर वन मंडल के 10 प्रकरणों में एक लाख 20 हजार रूपए, मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के 5 प्रकरणों में 60 हजार रूपए तथा सरगुजा वन मंडल के 3 प्रकरणों में 36 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है।

संपादकीय

बीती ताहि बिसारना होगा

2020 अपने पीछे खट्टी, मीठी, कड़वी और कसैली यादे छोड़ कर आखिर कार विदा हो गया। देश और दुनिया में जान लेवा कोरोना वायरस फैलने की वजह से 2020 को लोगों ने कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी और सभी इस साल से जल्द से जल्द छुटकारा पाने की कामना करते रहे, जबकि इस त्रासदी के पीछे 2020 का कोई हाथ नहीं रहा। हर साल की तरह यह भी एक सामान्य साल था जिसका लोगों ने इसकी शुरूआत में जश्न मनाकर स्वागत किया था और उसी जश्न के साथ इसकी विदाई भी की है। 2020 ने हमें कई सबक सिखाएं है। कोरोना काल के चलते इस साल के कई महीने तो लॉकडाउन रहा जिसकी वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई और बड़ी संख्या में लागों के हाथों से रोजगार चला गया। कोरोना की वजह से कई लोगों को असमय ही काल का ग्रास बनना पड़ा, सामाजिक दूरी घटी, इसके बावजूद 2020 ने हमे काफी कुछ दिया है। नदियां साफ हुई, हवा साफ हुई और लंबे अरसे के बाद लोगों ने अपने आस पास पक्षियों की चहचआहट सुनी, पर्यावरण के संरक्षण में 2020 के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। यह ठीक है कि 2020 में हम सब ने खोया ज्यादा है और पाया कम है लेकिन जो पाया है उसे संभाल कर रखा जाए तो आने वाले सालों में ऐसी किसी भी चुनौतियों से निपटने में हम सक्षम रहेंगे। यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना अभी भी कहर ढा रहा है अब तो कोरोना के नए स्ट्रेन ने कोहराम माचाना शुरू कर दिया है,उससे आगे चल कर क्या स्थिति बनेगी यह कह पाना मुहाल है। 2020 के कड़वे अनुभवों से हम आने वाली चुनौती का पूरे साहस के साथ सामना कर सकते है, इसे 2020 की उपलब्धि भी माना जा सकता है, जिसने हमे सावधानी और सतर्कता का सबक सिखाया है। यह ठीक है कि 2020 ने हमे दर्द ज्यादा दिया है लेकिन अब उसे याद करने से कोई फायदा नहीं जो हुआ सो हुआ अब हमे बीती ताहि बसार कर आगे की सुध लेना होगा। 2021 में हम पुरीनी गलतियां न दोहराएं और प्रकृति के साथ खिलवाड़ की प्रवृत्ति का परित्याग करें तभी नया साल हमारे लिए खुशगवार बनेगा। नया साल नए संकल्पों का, नए सपनों का और नए नई उपलब्धियों का साल बने। सभी को नित नई खुशियां मिले इसी मंगल कामना के साथ सभी सुधी पाठकों और देशवासियों को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं।

विचार

कोरोना से जुड़े सवाल

कुछ घंटों का मेहमान रह गया साल 2020 जिस अकेली वजह से इतिहास में दर्ज करने लायक माना जाएगा, वह है कोरोना वायरस। महामारियों ने वैसे तो कई बार मानव इतिहास की धारा मोड़ी है, पर इतनी तेजी से फैलकर महीनों-महीनों पूरी दुनिया का चक्का जाम कर देने वाली किसी बीमारी का जिक्र सुदूर अतीत में भी कहीं दर्ज नहीं मिलता। तथ्यों पर जाएं तो कोरोना वायरस का इंसानी शरीर में संक्रमण पिछले साल ही हो गया था, लेकिन महामारी के रूप में अपना वीभत्स चेहरा इसने इसी साल दिखाया। भारत में कोरोना संक्रमण का पहला केस 30 जनवरी को सामने आया और अभी, दिसंबर के आखिर में जब प्रतिदिन आने वाले नए मामलों में उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है, तब ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका में इस वायरस के बड़े रूपांतरण की खबरों ने सबको एक बार फिर सकते में डाल दिया है।

तमाम सावधानियों के बावजूद ब्रिटेन में चिह्नित नए वायरस से संक्रमण के मामले भारत पहुंच चुके हैं और यहां अब तक 20 ऐसे मामलों की पुष्टि हो चुकी है। जाहिर है, इन नए संक्रमणों को ध्यान में रखते हुए कोरोना से बचाव की रणनीति की नए सिरे से समीक्षा करनी पड़ेगी। बहरहाल, इस एक साल के दौरान अदृश्य दुश्मन से ठनी इस लड़ाई में संघर्ष, साहस और वैज्ञानिक कौशल की एक से एक मिसालें देखने को मिलीं। एक तरफ वैज्ञानिक इसका तोड़ निकालने में जुटे रहे, दूसरी ओर चिकित्साकर्मियों, सफाईकर्मियों और पुलिसकर्मियों समेत पूरा सरकारी अमला दिन-रात बीमारों को बचाने और आवश्यक सेवाएं जारी रखने में जुटा रहा। त्याग और बलिदान की ऐसी कहानियां हर देश से आती रहीं। खासकर भारत के संदर्भ में देखा जाए तो यहां लॉकडाउन का फैसला अपरिहार्य था, लेकिन इसने बड़े शहरों में काम करने वाले लाखों मजदूरों और उनके परिवारों के लिए मुश्किलों का पहाड़ खड़ा कर दिया। उस स्थिति में कोई और हल न पाकर लाखों लोग जिस तरह से अपने बच्चों की उंगली पकड़े सैकड़ों किलोमीटर की दूरी पैदल नापते हुए अपने-अपने गांव पहुंचे, वह भारत के श्रमजीवी समाज की बेचारगी और जिजीविषा, दोनों का ही प्रत्यक्ष प्रमाण है। दुनिया के स्तर पर देखें तो यह वायरस अब तक सवा आठ करोड़ लोगों को संक्रमित कर चुका है और 18 लाख से ज्यादा लोग इसकी वजह से मौत के मुंह में जा चुके हैं। यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इस बीमारी ने किसी एक देश में सबसे ज्यादा कहर ढाया तो वह है विश्व का सबसे विकसित और ताकतवर समझा जाने वाला देश अमेरिका। वहां 2 करोड़ लोग इससे संक्रमित हुए हैं और मरने वालों की संख्या भी साढ़े तीन लाख के पार जा रही है। इससे सीधा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि हमने विकास के जो मानक तय कर रखे हैं वे कितने उपयुक्त हैं और स्वास्थ्य का जो ढांचा खड़ा किया है वह कितना कारगर है। बीतता साल ये दोनों सवाल हमारे सामने छोड़कर जा रहा है।

आशा और उम्मीदों से भरा हो नया साल

राजेश माहेश्वरी

> स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों की एक सूची जारी की है, जिनसे दुनिया को 2021 में निपटना पड़ेगा. इसका कारण कोरोना वायरस को माना जा रहा है, जिसके पूरी दुनिया में 1.75 मिलियन से ज्यादा केस सामने आने के चलते कई देशों की स्वास्थ्य प्रणाली चरमरा गई है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि महामारी ने पिछले 20 सालों में हासिल की गई हेल्थ सिस्टम की प्रगति को पीछे खींच लिया है। 2021 में दुनिया को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी अगर वैक्सीन को प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि कोविड-19 ने हमें मौका दिया है कि हम एक बार फिर 'बेहतर, हरियाली से भरी और स्वस्थ दुनिया' का निर्माण करें। स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए देशों को अधिक से अधिक एकजुटता प्रदर्शित की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों, संस्थानों, समुदायों और व्यक्तियों को अपनी आपसी दरारें बंद करनी होगी. अब ब्रिटेन का नया स्ट्रेन सामने आने से सरकार की चिंता बढ़ गई है।

वर्ष 2020 अपने अंत की ओर है। अब हमारे सामने नया साल है। जाते हुए साल ने देश और दुनिया को कई दर्द और बुरी यादें दी हैं। दर्द, दुख-तकलीफ और परेशानियों को कोई याद नहीं रखना चाहता है। कोरोना महामारी ने 2020 को पूरी तरह निगल-सा लिया। सारी दुनिया इस वायरस से परेशान हो गयी। लेकिन साल का अंत निकट आते-आते वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस से बचाव की वैक्सीन खोज ली है। कई देशों में कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हो चुका है। हमारे देश के चार राज्यों में भी कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण का ड्राई रन शुरू हो गया है। नये साल में देश में टीकाकरण शुरू हो जाएगा।

कोरोना की मार से विश्वभर की अर्थव्यवस्थाएं कराह रही हैं। लेकिन इन सबके बीच भारतीय रिजर्व बैंक इस दौरान बेहद मुस्तैद रहा है और आम लोगों के साथ उद्योग को कई तरह से राहत देकर इस आर्थिक चुनौती से निपटने की कोशिश की है। उसका सुखद और सकारात्मक उपसंहार यह है कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस से पहले के दौर में लौटने लगी है। हालांकि, खुदरा महंगाई की ऊंची दर और कमजोर रुपया उसके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक के लिए वर्ष 2021 में भी इस चुनौती से निपटना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बॉन्ड पर घटते रिटर्न से विदेशी निवेशक सहम सकते हैं जिन्होंने इस साल भारतीय बाजार में रिकॉर्ड 22 अरब डॉलर का निवेश किया है। वहीं शेयर बाजार को लेकर उम्मीद से अधिक उत्साह भी रिजर्व बैंक की परेशानी बढ़ा सकता है। भारत के शेयर बाजार में विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ रहा है और भारतीय रिजर्व बैंक उसे अपने पास समायोजित कर रहा है। इससे मुद्रा भंडार बढ़ रहा है और रुपये की मजबूती पर लगाम लग रही है। एक महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि यदि आर्थिक गतिविधियों की गतिशीलता और बहाली यही बनी रहती है, तो अर्थव्यवस्था की विकास दर करीब 2 फीसदी बढ़ सकती है। यह बहुत बड़ा परिवर्तन होगा। आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि अर्थव्यवस्था की बहाली और गति का स्तर ऐसा ही रहा, तो



तीसरी तिमाही के बाद विकास दर सकारात्मक हो जानी चाहिए। यदि आर्थिक गतिशीलता ऐसी ही बरकरार रही, तो चैथी तिमाही में अर्थव्यवस्था एक ऊंची छलांग लगाते हुए, मौजूदा संकेतकों से भी, बेहतर हो सकती है। अर्थव्यवस्था के सकारात्मक होने के आधार और संकेत भी स्पष्ट हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि बाजार में मांग बढ़ रही है। बाजारों में रौनक और उल्लास लौट रहे हैं और लोग खरीददारी कर रहे हैं। जीएसटी संग्रह 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ है। उत्पादन और विनिर्माण गतिविधियों ने भी जोर पकड़ा है। सेवा क्षेत्र में भी उछाल तो आया है, लेकिन सघन संपर्क वाली सेवाओं के संकेत फिलहाल कोरोना से पहले के दौर से भी नीचे हैं। इनमें सुधार अपेक्षित है। आर्थिक गतिविधियां लगातार जारी हैं और नए सिरे से गति पकड़ने की संभावनाएं भी हैं। कोरोना टीके के शीघ्र आने से भी औसत घर की मांग सशक्त होगी। बहरहाल अर्थशास्त्री यह भी आकलन कर रहे हैं कि इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद मुद्रास्फीति एक बड़ी समस्या बनी रहेगी, जो अभी 6 फीसदी से अधिक बनी हुई है। बेशक कुछ चुनौतियां तो अब भी बरकरार रहेंगी, लेकिन अर्थव्यवस्था की यह करवट भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है।

आर्थिक मोर्चे के बाद राजनीतिक फ्रंट पर भी नये साल में बहुत कुछ होगा। देश के पांच राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। तमिलनाड, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुडुचेरी वो पांच राज्य हैं जहां विधानसभा चुनावों के लिए छह महीने का समय बमुश्किल बाकी है। अप्रैल या मई में इन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए राजनीतिक पार्टियों के बीच समीकरण साधने की तैयारी पूरी तरह से शुरू हो चुकी है। दूसरी तरफ इन चुनावों के लिए चुनाव आयोग में भी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हाल में संपन्न हुए बिहार चुनावों के बाद सियासी पार्टियों से लेकर आयोग तक के सामने कई पहलू विचारणीय हो गए हैं। वहीं नये कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे आंदोलन की गूंज नये साल में भी सियासी गलियारों में सुनाई देगी। असंगठित क्षेत्र के 40 करोड़ से अधिक कामगारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना अगले वर्ष के लिए ईपीएफओ की सबसे बड़ी चुनौती साबित होगी। अपनी कई मौजूदा योजनाओं को बदलते वक्त के हिसाब से नया कलेवर देना और नई नियुक्तियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन मुहैया कराने जैसी चुनौतियां भी नए वर्ष में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के समक्ष होंगी। जानकारों के मुताबिक सरकार आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना को जिस ऊंचाई पर ले जाना चाहती है, उसे देखते हुए नए वर्ष में नौकरियों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी होने वाली है। वर्तमान में ईपीएफओ संगठित क्षेत्र के छह करोड़ से अधिक कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ मुहैया कराता है। अगले वित्त वर्ष की शुरुआत यानी पहली अप्रैल से सामाजिक सुरक्षा संहिता भी लागू होने की उम्मीद है। उसके बाद असंगठित क्षेत्र के कामगार भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आएंगे।

नये साल की शुरूआत हरिद्वार कुंभ से होगी। दुनिया का सबसे बड़ा मेला कुंभ भारत की धर्म, आस्था और संस्कृति का सबसे बड़ा और महान प्रतीक है। कुंभ में बड़ी संख्या में विदेशी भी शामिल होते हैं। ऐसे में कोई भी रियायत कोरोना संक्रमण की दर को बढ़ा सकती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनकर खड़ा है। इस पिद्दी वायरस ने दुनिया के महाशक्तिशाली देशों को भी घुटने पर ला दिया है लेकिन जरूरत इससे डरने की नहीं। हौसले और हिम्मत के साथ इसका सामना करने की है चाहे देश की राजधानी दिल्ली हो या मुंबई की झुग्गी बस्ती धारावी हो, मुसीबत की घड़ी में इनमें से किसी ने हौसला नहीं छोड़ा। इसका नतीजा सामने है। आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य क्षेत्र के अलावा कृषि, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और मंहगाई आदि अनेक मोर्चों पर चुनौतियां बरकरार हैं। अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा क्षेत्र, खेल और तमाम अन्य मोर्चों पर अच्छी खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

जो आज नया है, वह कल पुराना होगा

विजय मिश्रा

> नये से पुराने हो जाने की दशा को पुराना कैलेण्डर बूढ़ापा कहने के बजाय ''अनिवार्य सुखद परिवर्तन'' का नाम दे रहा था। वर्षभर दीपावली, ईद, क्रिसमस, प्रकाश पर्व जैसे अनगिनत पर्वों के दिवस की जानकारी जनमन को देने के सुख की लकीर बारम्बार उसके चेहरे पर उभर रही थी। वह बयां कर रहा था कि विविध पर्वो के पीछे निहित भावनाओं और उद्देश्य के अनुरूप आचरण व्यवहार करेंगे तो आप कभी बूढ़े नहीं होंगे, क्योंकि उमंग, उल्लास, भाईचारा, मानवता, प्रेम,ज्ञान, परोपकार, नर्मता के भाव कभी वृद्ध नहीं होते। ऐसे गुणों के बीज को बोने, उगने और बढ़ने देने की ललक हमेशा मानव मन को युवा बनाये रखता है।

प्रतिवर्षानुसार 31 दिसम्बर को जनसमुदाय नववर्ष के स्वागत के लिए उल्लास में डूबे हुये जश्न की तैयारी में दिखाई दे रहा है। वहीं वर्ष 2020 का कैलेण्डर अपने अस्तित्व को सदा सदा के लिए समाप्त होने की अंतिम घड़ी की ओर टकटकी लगाये ताकते दिखा। उसे इस बात का अहसास हो रहा था कि जो कैलेण्डर रोज रोज तारीख बदलता रहा, उसी कैलेण्डर को 31 दिसम्बर की तारीख ने पूरी तरह से बदल कर रख दिया। जिंदगी का भी यही फलसफा है, जो आज है, वह कल नहीं रहेगा। जो आज नया है, वह कल निश्चित रूप से पुराना होगा। पुराना कैलेण्डर इस सच्चाई को स्वीकारने और हर दिन हर पल को भरपूर आनंद से जीने का संदेशा दे गया। वह अंत का नहीं, नवजीवन का उद्घोष करते हुए संदेश दे रहा था- ''पौधों से गिरते पीले पत्तों ने बताया है कि जिंदगी का यह अंत नहीं, यह तो केवल साया है।'' पुराने कैलेण्डर के चेहरे पर झुर्री और शरीर पर जर्जरता के भाव नहीं दिखे, बल्कि सफल सशक्त जीवन को पूरा करने का भाव वह व्यक्त कर रहा था। ढलते साल, सठियाना, पक जाना जैसे विचारों से कहीं अलग वह पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्यनिर्वहन करने की चमक अपने चेहरे पर बनाये हुए मुस्कान बिखेर रहा था। ऑखे नम करके चेहरा लटकाने के बजाय आत्मसंतोष का भाव लिए उसके फड़फड़ाते हुये पन्ने आंतरिक प्रसन्नता में डूबे सुमधुर गीत गुनगुना रहे थे।

नववर्ष के कैलेण्डर के लिए उसे अपनी जगह को छोड़ने का गम कम तथा खुशी अधिक थी, दरअसल उसने हर दिवस की महत्ता को हर दिन ईमानदारी से उजागर कर अपनी कर्तव्यपरायणता को निर्विवाद निभाया था। एक कैलेण्डर होने के धर्म को बखूबी निभाते हुये 2020 का कैलेण्डर संकेत दे गया कि संतोष की जिंदगी पाने का यही सूत्र है। पुराने कैलेण्डर के माथे पर कोरोना वायरस कोविड 19 सदा सदा के लिए कलंकित टीका की तरह दर्ज हो गया था। इसे भी सहते हुए कैलेण्डर संदेश दे रहा था कि जीवन में बुरे दौर से निपटने के लिए सदैव शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। नये से पुराने हो जाने की दशा को पुराना कैलेण्डर बूढ़ापा कहने के बजाय ''अनिवार्य सुखद परिवर्तन'' का नाम दे रहा था। वर्षभर दीपावली, ईद, क्रिसमस, प्रकाश पर्व जैसे अनगिनत पर्वों के दिवस की जानकारी जनमन को देने के सुख की लकीर बारम्बार उसके चेहरे पर उभर रही थी। वह बयां कर रहा था कि विविध पर्वों के पीछे निहित भावनाओं और उद्देश्य के अनुरूप आचरण व्यवहार करेंगे तो आप कभी बूढ़े नहीं होंगे, क्योंकि उमंग, उल्लास, भाईचारा, मानवता, प्रेम,ज्ञान, परोपकार, नर्मता के भाव कभी वृद्ध नहीं होते। ऐसे गुणों के बीज को बोने, उगने और बढ़ने देने की ललक हमेशा मानव मन को युवा बनाये रखता है।

वर्षांत में सेवानिवृत्त होता हुआ कैलेण्डर यह भी कह रहा था कि दिन पर दिन गिनते हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे तो मुट्ठी में भरी रेत की तरह जिंदगी फिसल कर निकल जायेगी। दिन बीतते जा रहा है, उम्र बढ़ती जा रही है, आगे क्या होगा जैसे विचार-सवाल में उलझे रहने से तो असमय ही निश्चित रूप से बूढ़ापा एक रोग की तरह घेर लेगा। इससे बचने का आसान उपाय यही है कि हर दिन को नई ऊर्जा के साथ नयापन से भर दें। इसी सकारात्मक सोच को उजागर करते कैलेण्डर ने आखिरी दिन तक अपनी महत्ता को बनाये रखा।

बूढ़ा होना प्रकृति का नियम है, अतः बूढ़ा हो रहा हूँ के गम में डूबने के बजाय कैलेण्डर यह सोचकर खुश होता रहा कि अपने अच्छे कर्मों से सेवाकाल को संपन्न कर सिर उठाये सेवानिवृत्त हो रहा हूँ। उसका यह आत्मविश्वास उसे हर दिन सर्वश्रेष्ठ होने का तमगा देता रहा। अपनी योग्यता को परखते-प्रदर्शित करते स्वयं को सशक्त बनाये हुये किसी भी प्रकार की कुंठा-ठहराव की स्थिति से निर्भय बना रहा, फलस्वरूप वह प्रथम दिवस से जिस कील पर, दीवार की उस जगह पर जहॉं वह स्थापित हुआ था, उसे अंत तक यथावत अपने लिए सुरक्षित बनाये रखा। अंतिम दिवस पर कैलेण्डर मुस्कान बिखेरते हुये कह गया।

कुछ जीत अभी बाकी है, कुछ हार अभी बाकी है.
अब तक तो केवल एक अध्याय को पढ़ा है,
अभी तो पूरी किताब बाकी है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिन बीते..साल धीरे

दिन बीते..साल धीरे-धीरे दिन.. साल में गुज़र गए.. वक़्त याद बन... कभी दिल में बस .. कभी दिल से उतर गए.. एक लम्हा,एक फरियाद.. एक चाहत की तरह. .आस बन निखर गए.... वक़्त का हुनर देखिए साहब.. मुस्कराहट के साथ .... हर एहसासों को.. अपने हौसलें में जी कर.. ज़िंदगी में सवंर गए...!!

–नंदिता तनूजा

2020 ने हमे कुछ

2020 ने हमे कुछ दिया या लिया , ये महत्वपूर्ण नही ...पर ये साल हमे एक बात जरूर सिखा गया कि इंसान योजनाएं बनाता है पर उनका पूरा होना या न होना पूर्णतया इशरीय सत्ता के हाथ मे ही है .. इस बीते साल ने बहुतों के जीवन मे बहुत कुछ बदल दिया अतः ईश्वर पर पूर्ण विश्वास रखकर हम सत्कर्म करते रहें यही हमारा कर्तव्य है।

– रश्मि चौधरी

ख़ास पाती | कोरोना के कठिन काल का

कोरोना के कठिन काल का, कलुषित साल रहा। कितने जीवन निगल गया बस, यही मलाल रहा। कब तक रहिए क़ैद भूख की अपनी मजबूरी। काम बंद बिकते जेबर घर, छूटी मज़दूरी। इंतज़ाम सेवा सरकारी, सब बदहाल रहा। कितने जीवन निगल गया बस, यही मलाल रहा। अपनों के काँधों तक को तरस गये मुर्दे। कोविड से जो मरा लाश से निकल गये गुर्दे। बचा रहा वह जान देव, यह अंग दलाल रहा। कितने जीवन निगल गया बस, यही मलाल रहा। अब तक कोई दवा कारगर, न वैक्सीन बना। मानवता से इस विषाणु का, भीषण युद्ध ठना। मिले सफलता नये साल में, भ्रम यह साल रहा। कितने जीवन निगल गया बस, यही मलाल रहा।– **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'**

गुमां भूल जाएँ नए साल में

गुमां भूल जाएँ नए साल में हम लगा ले गले सबको नए साल में हम खिले फूल से हम हँसे मुस्कुराएं उदासी भगाएं नए साल में हम सितारे उतारें धरा झिलमिलाये करिश्मा दिखाएँ नए साल में हम उजाला बढ़ाएं तमस को मिटायें दिए मन जलाएं नए साल में हम नया रूप धर लें दुखों को भुला दें जिएं हकीकत नए साल में हम गिले हों न शिकवे रहें प्यार से हम क्षमा कर दे सबको नए साल में हम।

– ज्योत्सना सक्सेना

पन्ने पलटे साल के रखते क्या

पन्ने पलटे साल के , रखते क्या सम्हाल । अनहोनी बसा रखते ,दिलसे अभी निकाल ।। दिल से अभी निकाल ,सोच अब बदले जाओ। भूलकर दुःखद ध्यान , राह को नवल बनाओ।। जो मुस्कान बिखेर ,देख तब नवीन सपने । बीती ताहि बिसार ,लिखो अब नूतनपन्ने।

– नवीन कुमार

किसी के लिए आपके लिए प्यार



किसी के लिए आपके लिए प्यार उस हद तक जरूरी हो जाता है कि उसे मंदिर में मूरत की नही दिल मे आपके चेहरे की छाप की जरुरत हो जाती है इश्क़ इस हद तक पवित्र हो जाता है कि किसी का बिगड़ा काम आपके एक नजर देखने भर से सही हो जाता है या सही करने का हौसला मिल जाता है बस कमी होती है तो होंठो से इकरार की क्यूंकि मन तो बिन कहे प्यार किये जा रहा होता है और होंठ न कह कर भी सिर्फ आपका नाम जप रहे होते है अनकहा इश्क़ भी कमाल होता है। – **प्रिया मिश्र वेंणी**

श्वान राह में चिल्लाएँगे मत घबराना

श्वान राह में चिल्लाएँगे , मत घबराना , बढ़ जाना। बनकर कान्हाँ विषधर कालिय के फन पर तुम चढ़ जाना। आए हो जब इस दुनिया में,जाना भी निश्चित है 'अमित'- किंतु यहाँ से जाते - जाते नव इतिहास को गढ़ जाना। – **अमित कुमार दुबे**

रिश्ता हमारे बीच गहरा है इससे

रिश्ता हमारे बीच गहरा है इससे इंकार किसे है फर्क इतना है हम उगाते है तुम सिर्फखाते हो ! फरियाद अनसुनी कर जो यूँ आँखे दिखाते हो हमारे बनाये ही पुतले हो यह क्यूँ भूल जाते हो !

– जावेद उस्मानी

गुजरे जमाने के गुलशन से अभी

गुजरे जमाने के गुलशन से अभी चुन कर रख लिजिए चंद गुलाब यादों की किताब में ,,सकून देगी हर सूखी पंखुरी सर्द हवा का झोंका जीवन के पन्ने फड़फड़ा रहा है.. मुख्तसर हो रही जिंदगी दिसंबर जा रहा है..!!

– किरन भण्डारी

QUIZ TIME

1) मशरूम उत्पादन सह प्रशिक्षण केन्द्र किस जिले में लगाया जाएगा?
2) हर्रा प्रसंस्करण केन्द्र किस जिले में लगाया जाएगा?
3) हाल ही में किस बांध में विदेशी क्रूज चलाने की राज्य सरकार की योजना है?
4) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ में कितने किलोमीटर की सड़कें बनाई जाने हैं?
5) गोविन्द झुंझा जलप्रपात किस जिले में हैं? (भिलाई / कोरबा)

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कांकेर (2) कांकेर (3) मिनीमाता बांगो बांध (4) 5612 कि.मी. (5) कोरबा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 990- रूस ने जूलियन कैलेंडर अपनाया। 1515 - यहूदियों को आस्ट्रिया के लाइबाख से निष्कासित किया गया। 1583 - हॉलैंड और फ्लैंडर्स मे ग्रेगोरियन कैलेंडर का पहला दिन। 1600 - स्कॉटलैंड में 25 मार्च के बजाय एक जनवरी से नये साल की शुरुआत। 1651 - चार्ल्स द्वितीय स्टुआर्ट स्कॉटलैंड के सम्राट बने। 1664 - छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरु किया। 1785 - डेली यूनिवर्सल रजिस्टर (टाइम्स ऑफ लंदन) का पहला अंक प्रकाशित हुआ। 1808 - सिएरा लियोन ब्रिटिश उपनिवेश बना। 1880 - देश में मनी आर्डर प्रणाली की शुरुआत हुई। 1894 - जाने माने वैज्ञानिक सत्येन्द्र नाथ बोस का कोलकाता में जन्म। 1915 - महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया। 1928 - अमेरिका में पहला एयर कंडीशंड कार्यालय सेन एंतोनियो में खुला। 1949 - कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई। 1955 - भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया। 1971 - टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण प्रतिबंध लगाया गया। 1974 - विश्व जनसंख्या वर्ष की शुरूआत हुई। 1978 - बॉम्बे (अब मुंबई) में एयर इंडिया के जंबो जेट बोइंग-747 विमान हादसे में 213 लोगों की मौत हुई। 2009 - थाइलैंड की राजधानी बैंकाक के एक नाइट क्लब में आग लगने से 61 लोगों की मौत हुई। 2013 - अंगोला के लुआंडा में भगदड़ में 10 लोग मारे गये और 120 घायल हुए।

अंक ज्योतिष से जाने कैसा होगा आपके लिए साल 2021

कुछ को धन लाभ तो कुछ को प्रमोशन, कुछ लोगों को सावधान रहने की भी जरूरत

रायपुर/नवप्रदेश। आज से नववर्ष 2021 का आगाज हो रहा। हर नववर्ष की शुरुआत की तरह इस वर्ष भी आपके मन में यह जानने की इच्छा होगी कि ये साल आपके लिए कैसा होगा। हर क्षेत्र से जुड़े शख्स को यह जानने की चाह होती है कि उसके कार्यक्षेत्र में नए साल में क्या कुछ खास है। पढ़िए आपकी इन्हीं जिज्ञासाओं का जवाब अंक ज्योतिष के नजरिए से...

मूलांक 1 यानी जन्मतिथि 1, 10, 19, 28 :

इस मूलांक के जातकों के लिए नया साल मान, सम्मान व उपहार लेकर आएगा। जिन युवक युवतियों की शादी नहीं हो पा रही है उनकी शादी होने की प्रबल संभावना है। धनलाभ के भी आसार हैं। इस मूलांक के लोगों को प्रेम में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। 1 मूलांक वालों के लिए 2021 निश्चित तौर पर फलदायी होगा।

मूलांक 2 यानी जन्मतिथि 2, 11, 29, 20

इन तारीखों पर जन्म लेने वालों के लिए नया साल रहस्यों से भरा रहेगा। इस मूलांक का जातक चाहे नौकरी पेशे वाला हो या व्यवसायी उसके साथ नई चीजें होंगी। इनके साथ वर्ष 2021 में अलौकिक शक्ति का साथ होगा, जिससे अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा व सफलता निश्चित है। वर्ष रिसर्च व खोज से भरा रहेगा। कुछ उपाय करने से लक्ष्मीकृपा भी होगी।

मूलांक 3 यानी जन्मतिथि 3, 12, 31, 30

इन जन्मतिथियों वाले जातकों को वर्ष 2021 में सावधान व सतर्क रहने की जरूर है। नए साल में इन्हें गुप्त शत्रुबाधा का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में तंत्र बंधन के भी संकेत हैं। बाइक व अन्य वाहन संभलकर चलाना होगा अन्यथा दुर्घटनाओं की प्रबल आशंका है। घर की विशेष दिशा में यंत्र स्थापित कर संकटों से बचा जा सकता है।

मूलांक 4 यानी जन्मतिथि 4, 13, 22, 31

मूलांक 4 वालों को इस साल भाग्य का पूर्ण साथ मिलेगा। मई माह के बाद व्यावसायिक जीवन में प्रगति अधिक तेजी से होगी। कई प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे। अपनी चतुराई और समझ के जरिये विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कामकाज को लेकर अधिक भागदौड़ रहने के बावजूद काम की गुणवत्ता बनी रहेगी। और आपकी इसी विशेषता को कार्यस्थल पर सराहा जाएगा। कोर्ट में अगर केस चल रहा है तो फैसला आपके पक्ष में आने की पूरी सम्भावना है।

मूलांक 5 यानी जन्मतिथि 5, 14, 23

यह साल कई नए परिवर्तन लेकर आएगा और आप बड़ी ही कुशलता के साथ खुद को इन नयी परिस्थितियों में ढालने में कामयाब रहेंगे। कुछ दुविधाओं और शंकाओं के चलते महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लेने में देरी हो सकती है लेकिन आपके द्वारा लिया गया अंतिम निर्णय सही साबित होगा। अगर अपने व्यवसाय या नौकरी में परिवर्तन का मन बना रहे है तो उसके लिए यह उचित समय है। पैसों की बचत करने के लिए योजनाबद्ध रूप से ही खर्चे करें। अविवाहित युवक-युवतियों के लिए वर्ष 2021 शुभ रहेगा। आपके प्रेमी से आपका विवाह होने के योग बन रहे हैं। परिवार में कुछ बातों को लेकर झगड़ा हो सकता है। परिस्थितियों को सामान्य करने के लिए आपको अपने मन के विपरीत कुछ समझौते करने पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सितम्बर-अक्टूबर के महीनों में तकलीफहो सकती है।

मुलांक 6 यानी जन्मतिथि 6, 15, 24

वर्ष 2021 में जीवन की कई महत्वपूर्ण बातों को लेकर इनका नजरिया बदलेगा। अपने करियर को लेकर पहले ज्यादा गंभीर होंगे। करीबी लोगों द्वारा प्राप्त सहयोग से आप अपने जीवन को लेकर ज्यादा बेहतर निर्णय ले पाएंगे। आपकी लव-लाइफके लिए भी यह वर्ष अनुकूल रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफलता के लिए साल के अंत तक इन्तजार करना पड़ेगा। बिजनेस में अपेक्षा के अनुरूप सफलता मिलेगी। आपके बिजनेस पार्टनर के माध्यम से आपको व्यापार विस्तार करने में मदद मिलेगी। निजी जीवन के साथ-साथ व्यवसाय के संबंध में भी कुछ अतिरिक्त खर्चे होंगे। जीवनसाथी के सहयोग से पारिवारिक जीवन प्रेमपूर्ण बना रहेगा।

मूलांक 7 यानी जन्म तारीख 7, 16, 25

मूलांक 7 वालों के लिए 2021 की शुरुआती कुछ महीनें करियर को लेकर कुछ चुनौतीपूर्ण रह सकते है, लेकिन इसके बाद शेष पूरा वर्ष भाग्य आपके साथ रहेगा। इसलिए कुछ समय के लिए संयम रखे और करियर के संबंध में कोई बड़ा परिवर्तन न करें। कार्यस्थल पर बॉस और सीनियर अधिकारीयों के बीच आपकी छवि में सुधार होगा। बड़ी जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। कुछ व्यर्थ की गतिविधियां पढ़ाई से विद्यार्थियों का ध्यान हटाएगी। अतः संकल्प और एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य से की ओर बढ़ें और अनावश्यक चीजों से खुद का ध्यान भटकने न दें।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरज कुमार सोनी पिता स्व. रामभजन सोनी निवासी- खरोरा के द्वारा आवेदन के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर ग्राम-मांठ प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. मोहरेंगा स्थित भूमि ख.नं. 983 का भाग रकबा 0.202 हे. भूमि को विक्रेता रामविशाल गेंडरे वगैरह पिता ठंडराम उर्फ संतराम गेंडरे वगैरह से पंजीकृत बैनामा दिनांक 27/11/2020 के माध्यम से क्रय करने के कारण उक्त आवेदित भूमि को आवेदक अपने नाम पर नामांतरण किए जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 15.01.2021 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, खरोरा, जिला रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

दूरभाष नंबर-07782-222865 ई-मेल आईडी- ee-res.jagdalpur@gov.in
क्रमांक/2451/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2020-21 जगदलपुर, दिनांक 29/12/2020

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रदायर्ता प्रतिष्ठानों, सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं, (जिनका पंजीयन वाणिज्य कर विभाग छ.ग. में हो) से डी.एम.एफ.टी. मद के साथ अभिसरण मद अंतर्गत स्टाप डेम निर्माण कार्य हेतु प्रथम बार आवश्यक सामग्री प्रदाय बाबत मुहरबंद निविदा फार्म सी में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 6.1.2021 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने का दिनांक 7.1.2021

ग्रुप क्र.	निर्माण स्थल (ग्राम)	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	स्टाप डेम निर्माण कार्य कडतीपारा चन्द्रगिरी, गुड़ीनाला चन्द्रगिरी विकास खण्ड दरभा	21.190 लाख
2	सिंचाई नाली निर्माण कार्य चिंगीतराई तालाब के काजु प्लाट की ओर 1200 मी. चिंगीतराई ग्राम गुमड़पाल वि.खं. दरभा	23.390 लाख
3	सिंचाई नाली निर्माण कार्य नकुल सिंह खेत से बीसंभर खेत तक 1000 मी. चन्द्रगिरी वि.खं. दरभा	19.080 लाख
4	सिंचाई नाली निर्माण कार्य काजू प्लाट से मामडपाल की ओर 1000 मी मामडपाल वि.खं. दरभा	19.490 लाख
5	सिंचाई नाली निर्माण कार्य मदन खेत से मुनगा की ओर 1500 मी मामडपाल वि.खं. दरभा	29.240 लाख
6	सिंचाई नाली निर्माण कार्य ढापनी पारा से पदरपारा 800 मी. वि.खं. दरभा	16.680 लाख
7	सिंचाई नाली निर्माण कार्य जगरू कोसा खेत से मंगडू हडमा खेत तक 500 मी नीले गोदी बोदेनार वि.खं. दरभा	16.689 लाख

2. उपरोक्त सामग्री प्रदाय हेतु निविदा की शर्तें, अमानत राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/resworks में देखी जा सकती है। और दिनांक 2.1.2021 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

(पी.के. मेश्राम)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

जी-85944/5

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश शर्मा पिता बैजनाथ शर्मा निवासी सुपेला भिलाई के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 458/1 रकबा 0.900 हे. मे से 0.013 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. रामबगस साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202012100400487

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री विजय सेक्सरिया आ. राधेश्याम सेक्सरिया निवासी ऋषभ ग्रीन सिटी पुलगांव दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 272/19 रकबा 0.010 अर्थात 1050 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा172 तहत् प्रस्तुत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ओनम भारती पति लोकेश कुमार प्रमाणिक निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 168/65 का टु. रकबा 0.020 हे. भूमि को विक्रेता राजेश कुमार शर्मा पिता शारदा प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम आर्यनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02.12.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100700357

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नविता देवांगन पति शत्रुहन कुमार देवांगन निवासी ग्राम सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 57/32 रकबा 0.016 हे. भूमि को विक्रेता देवेन्द्र मध्यानी पिता खेमामल मध्यानी निवासी ग्राम कंवरनगर सिंधी कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.12.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

तहसीलदार तहसील-आरंग

मामले की श्रेणी - राजस्व

संदर्भ- जिला-रायपुर, तहसील आरंग प.ह.नं. 00054 ग्राम के **आरंग** नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण
क्रमांक- CG6305831102020003

ईश्तहार

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00054 के अंतर्गत ग्राम आरंग के भूमिस्वामी मेसर्स प्रोग्रेसिव डेव्हलपर्स द्वारा राजेश गोंदुड़े पिता लोकनाथ गोंदुड़े पता- सांई केयर हास्पिटल तेलीबांधा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15002/1(0.0149) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/01/2021 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार तहसील-आरंग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/12/2020 को जारी किया जाता है।

NARENDRA KUMAR BANJARA
सील — तहसीलदार, तहसील-आरंग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. संभाग बलौदाबाजार (छ.ग.)

बेरोजगार इंजीनियरों के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-5234/NIT-14/2020-2021/वलेलि दिनांक 23/12/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 07/01/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 11/01/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
14 T0228	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत न्यायायलय भाटापारा के न्यायिक कर्मचारियों की आवासीय कालोनी हेतु सीमेंट क्रांकीट पहुंच मार्ग लं. 320 मीटर प्रथम आमंत्रण	19.79 0.00 0.00
14 T0229	भाटापारा में अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (राजस्व) लं. 235 मीटर पहुंच मार्ग का निर्माण प्रथम आमंत्रण	19.91 0.00 0.00
14 T0230	न्यायाधीश आवास एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (राजस्व) सिमगा लं. 218 मीटर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण	19.28 0.00 0.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
संभाग- बलौदाबाजार (छ.ग.)

जी-85940/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.पी. डीएन/40/2019-2021

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर अग्रसर हो रहा गरियाबंद

आम लोगों के जीवन में बदलाव के दो वर्ष, समाजिक विकास के साथ आधरभूत विकास की ठोस पहल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो गए हैं। जिला गरियाबंद गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के थीम पर आगे बढ़ते हुए समाज के चहुंमुखी विकास के लिए जुटी हुई है। शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से विकास को मूर्तरूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन के संवेदनशील फैसलो और कार्यक्रमों से जहां जिला बनने का लाभ लोगों को मिल रहा है। वहीं भविष्य के लिए मजबूत आधार का निर्माण हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में मार्गदर्शन देने के लिए रत्नगर्भा अकादमी फॉर कम्पीटेटिव एग्जाम ''रेस'' की शुरूआत की गई है, जिसमें जिले के 350 युवा लाभ उठा रहे हैं। विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया में छुरा तहसील को अनुविभाग का दर्जा मिलने से अब जिले में 5 अनुविभागीय कार्यालय अस्तित्व में आ गये हैं। अब लोगों को प्रशासनिक कार्यो में सुविधा मिलेगी। जिले में योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यो को गति मिल रही है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत नरवा हेतु 284 स्वीकृत प्रकरण में से 276 पूर्ण, गौठान हेतु 234 स्वीकृत में से 105 पूर्ण, प्रत्येक विकासखण्ड में 05 आदर्श गौठान का विकास, घुरूवा के 3058 प्रकरण में से 1112 पूर्ण एवं बाड़ी 2044 प्रकरण में से 1131 प्रकरण पूर्ण, 33 स्वीकृत चारागाह में से 29 पूर्ण हो गए है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जिले के 66 हजार 711 कृषक लाभान्वित हुए है। किसानों को 160 करोड़ 67 लाख रूपये की राशि चार किस्तों में किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से दिया जा रहा है, जिसमें से तीन किस्त दिया जा चुका है। गौधन न्याय योजना अंतर्गत 73 हजार 941 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है साथ ही 113 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री हॉट-बाजार योजना से जिले के 89 हाट-बाजारों में शिविर लगाकर मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार तथा दवाईयों का वितरण किया गया है। अभी तक 1849 शिविर के माध्यम से 45 हजार 850 मरीजों को लाभान्वित किया गया है। इनमें 39 हजार 275 मरीजों को दवाई भी वितरित की गई है। बिजली बिल हॉफ योजना अंतर्गत 74 हजार 860 घरेलु उपभोक्ताओं को 13 करोड़ 43 लाख रूपये का छुट प्रदान किया गया। सिंचाई पम्प विद्युतीकरण अंतर्गत 1308 कृषकों को स्थायी विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया। सुपोषण अभियान अंतर्गत फरवरी 2019 में कुपोषण का प्रतिशत 25.64 था, जो वर्तमान स्थिति में 15.98 प्रतिशत रह गया है अर्थात लगभग 10 प्रतिशत की कमी हुई है।

वनवासियों को मालिकाना हक दिलाने जिले में कुल 21 हजार 105 व्यक्तिगत वन अधिकार एवं 836 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किये गये। पढ़ई तुहंर दुआर योजना के प्रारंभ से ही इस वनांचल क्षेत्र में ऑनलाइन क्लास, होमवर्क पाठ्य सामग्री अपलोड आदि में गरियाबन्द जिला प्रथम स्थान पर रहा। ऑनलाइन पढ़ाई के लिए जिला गरियाबन्द में कुल 4 हजार 908 शिक्षक एवं 72 हजार 122 विद्यार्थी पंजीकृत है। जिले के शिक्षकों द्वारा अब तक 44 हजार 201 ऑनलाइन क्लास ली जा चुकी है जिसमे जिले के 14 हजार 794 विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत विगत दो वर्षो में 900 समूहों को एक करोड़ 35 लाख चक्रीय निधि व 599 समूहों को 3.59 करोड़ समुदायिक निवेश निधि के रूप में प्रदान किया गया।

किसानों ने कहा- कोरोना संकट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहारा बने

■ बोनस की तीन किस्त मिलने से किसानों को मिला संबल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को मिलने वाले बोनस कोरोना काल में मददगार बन गया। लॉकडाउन और संकट के कठिन परिस्थिति में सरकार की यह योजना किसानों के लिए मददगार बन गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर इस योजना की शुरूआत हुई। इससे सरकार द्वारा किये गये वादे की पहली किस्त किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे पहुंची। इसके पश्चात दो और किस्त मिलने से किसानों को संबल मिला। इस निर्णय से जिले के किसानों में भी प्रसन्नता दिखाई दी। ग्राम बेंदकुरा के किसान सालिक राम, जोहन यादव और संजय चैहान ने बताया कि बोनस की तीन किस्त मिलने से हमे आर्थिक मदद मिली है। ऐसे समय में जब लॉकडाउन और कोरोना का संकट है तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार का किया गया वादा हमारे लिए सहारा बन गया है। इसी तरह नागाबुड़ा के 9 एकड़ में खेती करने वाले किसान सीताराम यादव और ग्राम मरौदा के बिसेन ने भी संकट की इस घड़ी में खातों में पैसे आ जाने को लेकर खुशी जाहिर की है। नागाबुड़ा के ही चन्द्रभूषण चैहान ने बताया कि वे चार एकड़ में खेती करते है। बोनस की तीन किस्त मिलने से राहत मिली है। गरियाबंद के 9 एकड़ में खेती किसानी करने वाले रामजी साहू के पुत्र जीवन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने समर्थन मूल्य में लगभग 98 क्विंटल धान विक्रय किया था। इस तरह तीन किस्तों में लगभग 49 हजार रूपये बोनस के रूप में मिला। जिससे हम डबल फसल लेने और दलहन-तिलहन लगाने में उपयोग करेंगे। इसी तरह गरियाबंद के ही संतुराम विश्वकर्मा ने बताया कि एक एकड़ के किसानी में 13 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था, इससे बोनस की तीन करीब 6 हजार रूपये प्राप्त हुआ है। यह वाकई सरकार का राहतभरा फैसला है।

उपलब्धियों भरा रहा पलारी पुलिस का कार्यकाल

504 प्रकरणों का हुआ निराकरण

भाटापारा। जिले के थानो में हुए प्रकरणों के निकाल के दिए गए वरिस्ठ अधिकारीयो के निर्देश पर इस साल 2020 में पलारी पुलिस में महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 504 प्रकरणों का निकाल करने में महत्वपूर्ण सफ्लता प्राप्त की है जिसमे हत्या,चोरो ,डकैती जैसे संगीन अपराध भी शामिल है।

थाना निरीक्षक पलारी सी आर चंद्रा ने इस प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया की वरिस्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश और जिले के आला पुलिस अधिकारीयो के मार्ग दर्शन में पलारी पुलिस ने अपने थाना स्टाफ के सहयोग से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। थाना प्रभारी सी आर चंद्रा ने बताया की वर्ष 2020 में थाना पलारी में कुल 484 प्रकरण दर्ज हुये एवं वर्ष 2019 के 57 प्रकरण पेडिग थे कुल 541 प्रकरण में से 504 प्रकरण का निकाल किया गया है जिसमें 4 हत्या, 17 अपहरण, 03 बलात्कार, 01 गैंग रेप, 01 डकैती, 78 एक्सीडेंट, 122 मारपीट, 03 धोखाधडी, 120 आबकारी एक्ट, 10 अन्य प्रकरण निकाल किया गया है।

किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी को बेमेतरा जिले का प्रभार

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ राज्य के कांग्रेस प्रभारी पी एल पुनिया एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश पर किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ. सौरभ निर्वाणी को प्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने जिला स्तरीय किसान सहयोग समिति में जिला बेमेतरा का प्रभारी बनाया। इस अवसर पर डॉ सौरभ निर्वाणी ने संगठन के प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया, इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी भी उनके साथ थी। डॉ निर्वाणी ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों की मदद के लिए किसान कांग्रेस द्वारा स्थानिय वालेंटियर के माध्यम से आ रही व्यवहारिक दिक्कतों का प्रदेश संगठन मंत्री के माध्यम से मोहन मरकाम जी तक भेजा जाएगा, उनकी कोशिश होगी कि ज्यादा से ज्यादा केंद्रों के स्वयं निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। बेमेतरा जिले का प्रभार दिए जाने पर उन्होंने प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और संगठन के प्रभारी महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, असंगठित मजदूर कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय, बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष बंशी पटेल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मंशा के अनुरूप धान खरीदी केंद्रों में निरीक्षण कर किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा पूर्ण तरीके से धान की तौलाई, बिक्री और खाद के उठाव के लिये प्रयास करेंगे।

किसलय कराओके का सिंगिग प्रोग्राम आज

लवन। किसलय कराओके ग्रुप की ओर से नये साल के उपलक्ष्य में शुक्रवार 01 जनवरी 2021 की शांम 7 बजे सिंगिग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन के पूर्व ग्रुप की ओर से बैठक हुआ। ग्रुप के सभी सदस्यों के द्वारा नये साल को यादगार बनाने के लिए किसलय कराओके की तरफ से सिंगिंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। लवन में इस तरह का आयोजन पहली बार आयोजित हो रही है। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से नये प्रतिभाओं को अपने छुपे हुए प्रतिभा को सामने लाने का मौका मिलेगा। उक्त आयोजन की जानकारी विजय जायसवाल के द्वारा दिया गया। ।

धान खरीदी में हो रही समस्याओं का तत्काल निराकरण करे सरकार, नहीं तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे - गिरधारी वर्मा

लवन। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कृषक सहकारी समितियों के धान खरीदी स्थल पर किसानों को अपनी धान बेचने में आ रही समस्याओं को जानने और प्रदेश की भूपेश सरकार की वादाखिलाफी से भूमिपुत्र किसानों को अवगत कराने आयोजित इसी क्रम मे मण्डल लवन अन्तर्गत ग्राम बरदा एवम खैरा की सहकारी समितियों में किसान चौपाल का आयोजन गुरुवार 31 दिसम्बर को कर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के प्रति अपनायी जा रही दमनकारी नीति एवम जानबूझकर पैदा की जा रही समस्या की जानकारी किसानों को दी गयी । इस अवसर पर जिला महामंत्री किसान मोर्चा गिरधारीलाल वर्मा ने उपस्थित कृषकों से चर्चा में कहा कि ये आर्थिक तंगहाली से गुज़र रही खस्ताहाल सरकार आपकी पैदावार खरीदने में पूर्णतया असमर्थ है, इसीलिए लगातार कभी बारदानों की कमी या खरीदी का समय कम करके विभिन्न बहाने बनाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है, चुनाव पूर्व हाथों में गंगाजल लेकर किसानों की उपज का एक-एक दाना खरीदने की कसम खाने वाली कांग्रेस पार्टी के शासन काल मे आज किसान खुदकुशी करने को मज़बूर हो रहा है, जबकि पिछले पंद्रह वर्षो के भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में ऐसी स्थिति कभी छत्तीसगढ़ के किसान ने नही देखी थी आज किसान अपना धान लेकर यहां-वहां भटक रहा है ।

जिले का सर्व ब्राह्मण समाज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ा रहा कदम

बेमेतरा। सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा के द्वारा पर्यावरण सुधार एवं संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिला बेमेतरा के अनेक ग्रामों में पीपल, बड़, नीम के बड़े पेड़ो के नीचे चौरा बनाकर उन्हे संरक्षित किया जा रहा है। इसी दिशा में ग्राम ताकम में सपाद लक्षेश्वर धाम के प्रभारी ब्रम्हचारी ज्योतिर्मयनंद के नेतृत्व में विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया, इस अवसर पर गौ पूजा भी किया गया। ब्रम्हचारी श्री ज्योतिर्मयनंद ने कहा कि वेद शास्त्रों में वृक्ष को देव तुल्य बताया गया है, हमारे पूर्वज भी वृक्षों को देवता मानते है। आज भी माताओं बहनों के द्वारा वृक्षों की पूजा कि जाती है, अनेक व्रत में भी वृक्षों की पूजा करनें का विधान हैं। सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा को इस कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा यह सराहनिय कार्य हैं। ग्राम ताकम के निवासीयों नें इस कार्य के लिए सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों को बधाई दी।

■ न्यूज गैलरी

सरपंचों को स्वच्छता व पेयजल संबंधी दी जानकारी

डोंगरगढ़। जनपद पंचायत द्वारा स्थानिय कृषि उपज मंडी में गुरूवार को सरपचो को स्वच्छ भरत मिशन व पेयजल संबधि जानकारी एक दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई जिसमें मुख्य से जनपद पंचायत सीईओ एल के कचलाम , जिला समन्वयक नंदकिशोर साहु, श्री मंगेशकर ने जनपद के तहत आने वाले 101 ग्राम पंचायत के सरंपचो व स्वच्छता हितग्राहियो को पेयजल का रखरखाव व स्वच्छता के बारे में विस्तार से समझाया । उक्त प्रशिक्षण में अधिकारीयों ने साफ सफाई कैसे करे ,माहवारी प्रबंधन, कचरा का निपटान कैसे करे और शौचालय का उपयोग केसे हो सहीत विभिन्न जानकारी दी । जनपद सीईओ श्री कचलाम ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पीएचई द्वारा सभी गांव के घरो में पेयजल पहचाने का लक्ष्य रखा जाएगा ताकि ग्रामीणो को साफसुथरा पानी मिल सके जिससे कि गांव में लोगो का स्वास्थ भी ठीक रहे ।

ग्राम फकीरटोला/अंडी में 2 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़। समीप ग्राम फकीरटोला अंडी में विकासखंड कबड्डी संघ व फेण्डस् क्लब अडी के तत्वाधान में आगामी 2 जनवरी 2021 को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमें पुरूष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 150001 ,दुसरा 10001, तीसरा 7001 व चैथा पुरूस्कार 5001 रूपए इसी प्रकार महिला वर्ग के लिए प्रथम पुरूस्कार 5001 ,दुसरा 4001 , तीसरा 3001 व चैथा पुरस्कार 2001 रूपए रखा गया है बताया गया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मोहन 9131381452, प्रमोद 6263678413, विकास 8966955632 पर संपर्क कर प्रति टीम प्रवेश शुल्क के रूप में 301 रूपए जमा करना होगा। क्लब के सदस्यो ने क्षेत्र की कबड्डी टीमो को उक्त प्रतियोगिता में बढचढ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

छठवें दिन भी जारी रहा सचिवों का धरना

नवागढ़। जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत समस्त पंचायतों के सचिव लगातर छठवे दिन परीवीक्षा अवधि 2 वर्ष पश्चात शासकीय कर्मचारी घोषित किये जाने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। गुरुवार को हड़ताल में पहुंच कर बिंदिया अश्वनी मिरे सभापति जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा समर्थन दिया गया एवं पंचायत सचिव के शासकीय करण मांगों को जायज बताते हुए मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। उपरोक्त जानकारी सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष राजनारायण कुर्रे ने दी।

जिपं सदस्य केशरी मोहन साहू ने मंत्री शिव डहरिया का आभार व्यक्त किया

खरोरा। मंत्री के पहल से अनुपूरक बजट 2020-21 लगभग दौ सौ करोड़ रुपए से अधिक के कार्यो के लिए स्वीकृति मिली है जिसमें मेरे जिला पंचायत क्षेत्र तुलसी, बनरसी, समोसा, मार्ग का चौड़ीकरण लंबाई 8.10. कि.मी हेतु अनुमानित लागत 490 लाख ग्राम ओडका से से बोरिद पहुंच मार्ग लंबाई 4 कि.मी पुल पुलिया सहित हेतू लागत राशि 350. लाख.आरंग आरव मुख्य मार्ग के ग्राम ओडका से अकोली खुर्द होते हुए पंधी तक 5 कि.मी मार्ग हेतु अनुमानित लागत 500.लाख आरंग बैहार मार्ग (आरंग मुख्य मार्ग) का चौड़ीकरण कार्य लंबाई 3 कि.मी हेतु अनुमानित लागत 210 लाख राटोकट के आरंग पहुंच मार्ग लंबाई 280 कि.मी हेतु अनुमानित लागत 190.00 लाख क्षेत्र के विकास के लिए राशि स्वीकृत होने पर जिसके लिए मेरे एवं क्षेत्र के वासियों की ओर से आभार व्यक्त करता हूं ।

चार दिवसीय अखंड नवधा रामायण का आयोजन सोमनाथ धाम में

खरोरा। ग्राम लखना के पास स्थित सोमनाथ धाम में चार दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया जा रहा है रामायण प्रतिवर्ष की भांति 29 दिसम्बर से लेकर एक जनवरी तक किया गया है जिसमे प्रत्येक मानस मंडली को सांत्वना के रूप में 701 रु और श्री फल साथ ही अन्य सामग्री प्रदान किया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य ने गोठाना, व सार्वजनिक शौचालय का भूमि पूजन किया

खरोरा। ग्राम पंचायत रासोटा एवं केसला में 3.50 लाख शौचालय निर्माण का भूमि पूजन किया केशला में गोठाना 3.50 लाख की जिसमें ग्राम के सरपंच श्रीमान कुमार साहू (केसला), मोहन लाल जांगड़े(उप सरपंच),इदल चंद, डेरहा राम साहू ,डोमन यादव, भागवत साहू, दिनेश्वरी साहू, सरस्वती निषाद, पूर्णिमा निषाद, राजकुमारी बर्मन, शिवबाती निषाद, पंच आदि साहित बड़ी संख्या में के ग्राम के उपस्थित थे।

कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर पर विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया

खरोरा। काँगेस के स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया जिसमें ग्राम बैहार के श्री निर्मला साहू (पुर्व सरपंच) पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्दकाल साहू का सम्मान किया गया।

नगर में जुरमिल का सफल आयोजन

बेमेतरा/थानखम्हरिया। कोरोनकाल के अवसादग्रस्त माहौल के बीच एक लंबे अंतराल के बाद नगर में साहित्य व संगीत से ओतप्रोत सफल कार्यक्रम का कल शाम आयोजन हुआ। प्रदेश की प्रतिष्ठित संस्था श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा नगर में स्थित साईनाथ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित जुरमिल कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय साहित्यकारों सहित बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली, लोरमी व आसपास क्षेत्र के अनेक साहित्य व संगीतप्रेमीयों का देर रात तक जमावड़ा बना रहा। आयोजन प्रमुख युवा ग़ज़लगो आशीष राज सिंघानिया के सधे हुए संचालन के साथ नववर्ष के आगमन की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में युवा गायक शंकर्षण मिश्रा, शिवम सोनी व रजत सिंह चौहान ने अपनी सुमधुर गायकी से सबका दिल जीत लिया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर सिन्हा पिता मन्नूलाल सिन्हा निवासी नगपुरा के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 1826/10 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता ऐजन साहू पिता दयादास साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 13.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भूलन साहू पति राकेश साहू निवासी राजीव नगर दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 19/1 रकबा 0.8380 हे. मे से 0.018 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता पदम जैन पिता ज्ञानमल जैन के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 13.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दसरी बाई पति राम कुमार निवासी बेलौदी के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 458/1 रकबा 0.900 हे. मे से 0.010 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. रामबगस साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रुखसाना खान पति फैय्याद खान निवासी कातुलबोर्ड के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 458/1 रकबा 0.900 हे. मे से 0.010 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. रामबगस साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा कुमार गुप्ता पिता उमाकांत गुप्ता निवासी शीतला नगर के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 458/1 रकबा 0.900 हे. मे से 0.007 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. रामबगस साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सकेन्द्र राणा पिता जयनाथ राणा निवासी धनगढ़ा (झारखण्ड) के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 458/1 रकबा 0.900 हे. मे से 0.010 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. रामबगस साहू के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नक्सल दंपति ने पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। माओवादी युगल यमल नरेंद्र, उर्फ संपत, प्रतिबंधित माओवादी पार्टी के पोडियम देवी ने बुधवार को वारंगल पुलिस कमिश्नर पी प्रमोद कुमार के सामने किया आत्मसमर्पण। आत्मसमर्पण करने वालों का विवरण यमल नरेन्द्र, एलियन संवत, पिता का नाम हनुमाय, उम्र 32, ग्राम अन्नाराम, जिला बीजापुर , छग राज्य वह वर्तमान में माओवादी पार्टी एरिया कमेटी और वाजेडू वेंकटपुरम एरिया कमेटी कमांडर, तेलंगाना स्टेट कमेटी कम्युनिकेशन इन-चार्ज और सेक्शन टीम कमांडर के सदस्य हैं। पोडियम देवी के पति का नाम युगल यमल नरेंद्र, उर्फ संपत है। वह वर्तमान में तेलंगाना के माओवादी पार्टी के संचार अनुभाग में एक सैनिक सदस्य के रूप में काम कर रहा है।

दोनों माओवादी दंपति यमल नरेंद्र उर्फ संपत एंव पोडियम देवी का पूर्ण विवरण : आत्मसमर्पित माओवादी यमल नरेंद्र उर्फ संपत को छग राज्य के चंदुर गांव में एक बाल आश्रम में तीसरी कक्षा तक शिक्षा मिली थी। यमल नरेंद्र, जो माओवादी पार्टी के मंडल समिति के सदस्य कोमुर्या कोमुरैय्या के भाषणों से प्रभावित थे और 2005 में खम्मम स्पेशल गुरिल्ला स्क्वाड कमांडर, खम्मम स्पेशल गुरिल्ला स्क्वाड के माध्यम से 2005 में छिप गए। वे 2006 में बल में शामिल हुए, पार्टी के निर्देशों के अनुसार 2007 में जम्पन्ना सुरक्षा प्रभाग के सदस्य के रूप में और ओडिशा-आंध्र ओडिशा सीमा पर 2008 से 2010 तक जम्पन्ना के नेतृत्व में सेवा की। 2010 में उन्हें संचार विभाग द्वारा गांडीकोटा मलैया उर्फ किरण के तहत वॉकी-टॉकी तैयार करने और माओवादी पार्टी को प्रभार सौंपने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। 2011 में वह केंद्रीय क्षेत्र समिति में एक क्षेत्र समिति के सदस्य बने और 2015 में वह तेलंगाना राज्य समिति में संचार विभाग के प्रभारी थे। माओवादी पोडियम देवी तेलंगाना स्टेट कमेटी कम्युनिकेशन इन - चार्ज और एक्शन टीम कमांडर यमल नरेंद्र उर्फ ??संपत का 2018 में माओवादी पार्टी से परिचय हुआ और उन्होंने गाँव में दैनिक श्रम करते हुए 2019 में यमल नरेंद्र उर्फ संपत से शादी की।

यमल नरेंद्र उर्फ संवत के खिलाफ दर्ज मामलों का विवरण आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी यमल नरेंद्र के खिलाफ छह से अधिक पुलिस मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें दो अलग-अलग गोलीबारी के आरोपी नरेंद्र शामिल हैं, मुख्य रूप से 2007 में छग में साथ ही चार पुलिसकर्मी जो 2009 में दमोह इलाके में गोलीबारी में मारे गए थे। यमल नरेंद्र भी इस घटना में सीधे तौर पर शामिल था। नरेंद्र 2012 में कर्णपल्ली और छग में एर्रेली वन क्षेत्र में गोलीबारी में शामिल था और पुलिस को मारने के लिए 2017 में चित्तूर क्षेत्र में बारूदी सुरंग विस्फोट करने का आरोप लगाया गया था।

समर्पण करने के कारण

सीपीआई-माओवादी पार्टी लोगों के लिए कुछ अच्छा करेगी, इस भ्रम को दूर करने के अलावा, लोगों ने माओवादी पार्टी में विश्वास खो दिया है और लोगों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को स्वीकार नहीं किया है। श्रवंती कलसी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ कालसी में रहने के इरादे से नरेंद्र की पत्नी पोडियम देवी के साथ कालसी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

पिता को मुखाग्नि दी बेटी ने निभाई अंतिम संस्कार की रस्में

लवन। जिस पिता के कंधों पर बेटी खेलकर बड़ी हुई थी। बुधवार को उसी पिता को अर्थी को उसने कंधा भी दिया और मुखाग्नि देकर बेटा का फर्ज निभाया। बेटी को पिता की अर्थी कंधे पर ले जाते देख लोगों की आंखे नम हो गई। लवन नगर के मेन रोड वार्ड क्र. 02 निवासी पंडित परमानंद तिवारी की दो बेटियां थी। छोटी बेटी एक साल पहले ही गुजर चूकी है। बड़ी बेटी कविता तिवारी ने बेटी का फर्ज निभाते हुए सभी रस्म को पूरा कर अपने पिता को मुखाग्नि दिया। आम तौर पर पुरूष प्रधान समाज में बेटा ही अर्थी को कांधा देता है। लेकिन इस परंपरा को तोड़ते हुए कविता ने ही पिता के अंतिम क्रिया कर्म के सभी संस्कार पूरे किए। मरने से पहले पिता ने इच्छा जताई थी कि बेटी ही उनका अंतिम संस्कार करे। बेटी ने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए सभी रीति-रिवाज के साथ पिता का अंतिम संस्कार किया। बेटी कविता ने न केवल पिता का सपना पूरा किया बल्कि समाज के लिए नया उदाहरण भी पेश किया। पंडित परमानंद तिवारी को कोई बेटा नहीं था। उसका आकस्मिक निधन बुधवार को हुआ। पिता की इच्छा अनुसार बुधवार को कविता तिवारी ने लवन स्थित जोगी सरोवर में पिता की चिता को मुखग्नि दी।

एनकाउंटर के डर से बिल्लू हत्याकांड के दो आरोपियों ने आधी रात किया आत्मसर्पण

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । लाल खदान के हिस्ट्रीशीटर बिल्लू श्रीवास की हत्या के बाद फरार हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने इस कदर घेराबंदी की, कि आखिर में आरोपी को खुद तोरवा पुलिस के आगे आत्म समर्पण करना पड़ा।

सोमवार रात करीब 8:15 बजे लाल खदान क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बिल्लू उर्फ सुनील श्रीवास 45 वर्ष की हत्या उसके ही पुराने दोस्त संजय पांडे ने कर दी थी । करीब से सीने में गोली मारने के बाद आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गये थे। जिसके बाद से पुलिस उसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली बिहा,र मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ के कोटा, तखतपुर, भिलाई , चाम्पा आदि सभी जगह में तलाश कर रही थी। उसके एक एक परिचित रिश्तेदारों के यहां पुलिस पहुंच चुकी थी। जांजगीर कोरबा मस्तूरी में भी पुलिस ने दबिश दी, जिसका असर यह हुआ कि आरोपी समझ गया कि वह अधिक वक्त तक पुलिस से भाग नहीं सकता। लिहाजा उसने खुद तोरवा पुलिस के सामने आकर आत्मसमर्पण कर दिया।

उसने बताया कि बिल्लू श्रीवास ने 4 दिन पहले उसकी जमकर पिटाई की थी ,जिसके कारण वो रंजिश रखने लगा था। उसने बिल्लू श्रीवास की हत्या की योजना अपने दोस्त रमेश श्रीवास्तव के साथ मिलकर बनाई थी । दोनों हत्या के इरादे से मोटरसाइकिल से सोमवार की शाम बिल्लू के पास पहुंचे थे और फिर मौका पाते ही उस पर गोली चला दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मोटरसाइकिल सहित भाग गए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ उनके पास से हथियार कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। इसे पुलिस की बड़ी कामयाबी बताई जा रही है। हालांकि इससे पहले मृतक के भतीजे आकाश श्रीवास ने घटना का चश्मदीद होने का दावा करते हुए कहा था कि बिल्लू श्रीवास पर गोली नागेंद्र राय ने चलाई है, लेकिन बताया जा रहा है कि बुधवार को वह स्वयं तोरवा थाने पहुंचा और उसने कहा कि उससे गलती हुई है। पुलिस ने आकाश श्रीवास के ही बयान के आधार पर नागेंद्र को गिरफ्तार किया था। अब लाल खदान मर्डर कांड के असली गुनाहगार यानी संजय पांडे और रमेश श्रीवास्तव पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। संजय पांडे ने कई साल पहले पानी भरने के मामूली विवाद में हत्या की थी और इस अपराध में वह आजीवन कारावास की सजा भुगत कर लौटा था। वर्तमान में वह लाल खदान में ही फल का व्यवसाय करता था, लेकिन मुख्यतः वह रंजन गर्ग गैंग का शूटर था।

15 रुपये की दर से बारदाना उपलब्ध कराने किसानों ने दिया ज्ञापन

नवागढ़। गुरुवार को नवागढ़ क्षेत्र के किसानों ने धान खरीदी के लिए 15 रुपये की दर से बारदाना उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर बेमेतरा के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार ने पुराने बारदाने में धान खरीदने का आदेश देकर किसानों को राहत दी है। चूंकि बारदाने का रेट 15 रुपये तय किया गया है, इसलिए किसानों से 15 रुपये की दर से राशि लेकर बारदाना उपलब्ध कराकर धान खरीदी किया जा जाए। क्षेत्र के सभी किसान 15 रुपये में बारदाना लेने को तैयार है। इस दौरान समेशर से चन्द्रपाल साहू, छेरकापुर से देवादास चतुर्वेदी, गोपालभैना से मिन्टू बिसेन, नवागढ़ से सुरेश दत्त दुबे,टीकम पूरी गोस्वामी, गोलू सिन्हा ू सहित अन्य गाँव के किसान उपस्थित रहे।

बिलासपुर-भगत की कोठी-के मध्य स्पेशल ट्रेन की सुविधा 11 से

भाटापारा। रेल यात्रियां की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा बिलासपुर एवं भगत की कोठी के मध्य 08243/ 08244 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है । यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 11 जनवरी, 2021 एवं भगत की कोठी से 14 जनवरी, 2021 से यह स्पेशल ट्रेन चलेगी । रेल प्रशासन के आगामी निर्देश तक यह गाड़ी चलती रहेगी ।

यह गाडी बिलासपुर से भगत की कोठी के लिए 08243 नंबर के साथ (प्रत्येक मंगलवार एवं सोमवार) को चलेगी एवं भगत की कोठी से बिलासपुर के लिए 08244 नंबर के साथ (प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार) को चलेगी । यह गाड़ी में 05 एसी थ्री, 02 एसी टू , 07 स्लीपर, 04 सामान्य तथा 02 पावरकार सहित कुल 20 कोचों के साथ चलेगी ।